दैनिक जागरण 13/06/2024



जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी • जागरण

# पादप रोग विज्ञान के कठिन सवालों में उलझे अभ्यर्थी

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि और प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) के दूसरे दिन बुधवार को भीषण गर्मी में विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थी कड़ी जांच के बाद परीक्षा कक्ष तक पहुंचे। पेपर देकर निकले अभ्यर्थियों ने कृषि इंजीनियरिंग, पादप रोग विज्ञान, बागवानी सहित सामान्य अध्ययन के सवाल कठिन बताए।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि बुधवार को पहली पाली में जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज, विकास नगर और कैलाश सरस्वती इंटर कालेज, कृष्ण विहार, पनकी रोड में परास्नातक और पीएचडी में 902 में से 851 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 51 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में एमबीए में प्रवेश के लिए परीक्षा में 103 में से 96 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और सात अनुपस्थित रहे। सीएसए कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. पीके उपाध्याय और डा. मुनीश कुमार के नेतृत्व में संचल दल ने केंद्रों का निरीक्षण किया। हमीरपुर के पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि प्रश्नपत्र में कृषि इंजीनियरिंग और पादप रोग विज्ञान के सवाल कठिन थे। उम्मीद है कि परीक्षा पास कर लेंगे। जालौन के अभय सारंग ने कहा कि परास्नातक की प्रवेश परीक्षा में बागवानी से संबंधित विषय के प्रश्न आसान देखकर राहत महसूस हुई। ओवरआल प्रश्नपत्र मध्यम स्तरीय रहा।

अमर उजाला13/06/2024



# पीएचडी और परास्नातक में 51 एमबीए में सात ने छोड़ी परीक्षा

कानपुर। यूपी कैटेट की परास्नातक एवं पीएचडी तथा एमबीए कृषि की प्रवेश परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पीएचडी और परास्नातक में 51, एमबीए में सात परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

परास्नातक एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं कैलास सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्ण विहार में हुई। परास्नातक एवं पीएचडी में 902 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 851 और एमबीए में 103 के सापेक्ष 96 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों केंद्रों का विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने निरीक्षण किया। (ब्यूरो)

1/12
देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

वायनाड छोड़ूं या रायबरेली, धर्मसंकट है... 12
मोदी के 400 पार वाले दावे की जनता ने निकाली... 05



जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 240
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
गुरुवार | 13 जून, 2024

# यू.पी.कैटेट 2024 की परिक्षा हुई संपन्न



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

यू.पी.कैटेट 2024 की परास्नातक, पीएचडी तथा एमबीए कृषि की प्रवेश परीक्षा बुधवार को शहर के दो परीक्षा केदो जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर एवं कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्ण विहार पनकी रोड कल्याणपुर मे शांतिपूर्वक संपन्न हुई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि परास्नातक एवं पी एच डी में 902 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 851 (94.35 फीसदी) परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। जिसमें उपस्थित छात्रों का प्रतिशत 94.35 प्रतिशत और अनुपस्थिति छात्रों का प्रतिशत 5.65 रहा। वही एमबीए में 103 के सापेक्ष 96 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय सहित उनकी टीम ने व डॉ.मुनीश कुमार के नेतृत्व में फ्लाइंग स्कॉट टीम ने प्रवेश परीक्षा केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • बृहस्पतिवार • 13 जून • 2024

# यूपी कैटेट : पीएचडी व एमबीए प्रवेश परीक्षा में भी कई छात्र अनुपस्थित

नपुर (एसएनबी)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं ग्रोगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ.पीके ध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 परास्नातक एवं पीएचडी व एमबीए पे की प्रवेश परीक्षा आज 12 जून को ा किसी व्यवधान के शांतिपूर्वक संपन्न गई।

**विवि के कुलसचिव ने किया केंद्रों का निरीक्षण**

उन्होंने कहा कि परास्नातक एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा र के जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर परीक्षार्थियों के सापेक्ष 851 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी, जबकि शेष छात्र अनुपस्थित रहे। एमबीए में 103 के सापेक्ष 96 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने केंद्रों का निरीक्षण कर सारे प्रबंधों का जायजा लिया। डॉ.मनीश कमार

# यूपी कैटेट 2024 की समस्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**दि ग्राम टुडे, कानपुर।**
**(संजय मौर्य)**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 की परास्नातक एवं पीएचडी तथा एमबीए कृषि की प्रवेश परीक्षा आज दिनांक 12 जून 2024 को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। उन्होंने कहा कि परास्नातक एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा शहर के जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर एवं कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्ण विहार पनकी रोड कल्याणपुर परीक्षा में दो परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। परास्नातक एवं पी एच डी में 902 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 851 (94.35त्र) परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। तथा 5.65 प्रतिशत छात्र अनुपस्थित रहे। एवं एमबीए में 103 के सापेक्ष 96 (93.20त्र) परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी । एम बी ए में कुल 6.80त्र छात्र अनुपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दी।वही इस दौरान परीक्षा केंद्र जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने केंद्रों का निरीक्षण कर सारे प्रबंधों का जायजा लिया। डॉ मुनीश कुमार के नेतृत्व में फ्लाइंग स्कॉट टीम ने प्रवेश परीक्षा केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया।

हिन्दुस्तान

शहर 30s

# यूपी कैटेट: 58 ने छोड़ी परीक्षा

कानपुर। प्रदेश के पांच कृषि विश्वविद्यालयों में परास्नातक, एमबीए और पीएचडी में प्रवेश के लिए बुधवार को यूपी कैटेट 2024 (प्रवेश परीक्षा) हुई। कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा नगर के जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज में हुई। परास्नातक एवं पीएचडी में 902 के सापेक्ष 851 (94.35 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। एमबीए में 103 के सापेक्ष 96(93.20 प्रतिशत) ने प्रवेश परीक्षा दी।

दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 13/06/2024



चाहिए. एक बात का सबसे ज्यादा

महसूस कराती थीं. उन्होंने बताया कि अगर बच

# जीएस ने उलझाया, हार्टिकल्चर ने दी राहत

**पीजी और पीएचडी के लिए सिटी में हुई यूपीकैटेट, सीएसए के अफसरों ने किया निरीक्षण**

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (12 June):** उप्र कंबाइंड एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी एंट्रेंस टेस्ट (यूपीकैटेट) में वेडनसडे को पहली शिफ्ट में पीजी और पीएचडी में एडमिशन के लिए एग्जाम हुआ. सीएसए रजिस्ट्रार डॉक्टर पीके उपाध्याय ने बताया कि पहली शिफ्ट में जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर और कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्ण विहार पनकी रोड कल्याणपुर में एग्जाम हुआ है. पीजी और पीएचडी में 902 में से 851 ने एग्जाम दिया और 51 अबसेंट रहे.

सेकेंड शिफ्ट में एमबीए में एडमिशन के लिए हुए एग्जाम में टोटल 103 में से 96 कैंडीडेट्स ने एग्जाम दिया. बताया कि एग्जाम सेंटर पर कैंडीडेट्स ने शांतिपूर्ण ढंग से एग्जाम दिया है. सीएसए रजिस्ट्रार और उनकी टीम ने सेंटर्स का निरीक्षण कर सारे प्रबंधों का जायजा लिया. डॉ. मुनीश कुमार के नेतृत्व में फ्लाइंग स्कॉट टीम ने केंद्र में पहुंचे और जायजा लिया.

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



एग्जाम देते हुए स्टूडेंट्स.

## एग्री इंजीनियरिंग, प्लांट पैथोलॉजी और जीएस ने किया परेशान

एग्जाम देकर निकले कैंडीडेट्स ने बताया कि पीजी के एंट्रेंस एग्जाम में एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, प्लांट पैथोलॉजी और जीएस के सवालों ने परेशान किया है. इन टॉपिक्स के सवाल सामान्य से कठिन थे. वहीं, हार्टिकल्चर से सवालों को कैंडीडेट्स ने सरल बताया. स्टूडेंट्स का कहना है कि पिछले सालों की तुलना में हार्टिकल्चर के सवाल ज्यादा उलझाने वाले थे. एग्जाम देने वालों का कहना था कि अगर ओवरआल एग्जाम की बात की जाए तो पेपर मॉडरेट आया था. बीते सालों की अपेक्षा में पेपर को कठिन बताया गया.

## एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में मिलेगा एडमिशन

सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि यूपीकैटेट के सारे एग्जाम वेडनसडे को खत्म हो गए हैं. इस एग्जाम को पास करने के बाद कानपुर, अयोध्या, बांदा, मेरठ और कुशीनगर नगर स्थित स्टेट गवर्नमेंट की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज में यूजी, पीजी और पीएचडी क्लास में एडमिशन मिलता है. एडमिशन के रिजल्ट आने के बाद स्टूडेंट्स को काउंसिलिंग प्रोसेस से गुजरना होगा.

## क्या बोले स्टूडेंट्स



**एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग और प्लांट पैथोलॉजी के सवाल कुछ कठिन थे. पेपर में हार्टिकल्चर के सवालों को आसान बोल सकते हैं. ओवरऑल पेपर मॉडरेट था.**

**रोहित राजपूत**, कन्नौज



**पेपर में जीके और जीएस के सवाल भी कठिन थे. इसके अलावा एग्रीकल्चर के सब्जेक्ट से मिले जुले सवाल आए थे. पेपर पढ़कर देने वालों के लिए था.**

**अभिषेक द्विवेदी**, वाराणसी